R. भारत

## UP: नकली तंबाकू और मोबाइल डिस्प्ले का बड़ा जखीरा बरामद; तीन शातिर गिरफ्तार; करोड़ों की सिगरेट जब्त



**UP News:** यूपी के जनपद कुशीनगर की पडरौना पुलिस ने अंतरराज्यीय तंबाकू एवं नकली मोबाइल डिस्प्ले तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक ट्रक कंटेनर से भारी मात्रा में नकली तंबाकू (सिगरेट) और मोबाइल डिस्प्ले बरामद किया है। इस कार्रवाई में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। बरामद सामग्री और वाहन की कुल अनुमानित कीमत 1 करोड़ 25 लाख रुपये आंकी गई है।

Source: https://www.republicbharat.com/india/uttar-pradesh/kushinagar-fake-tobacco-and-mobile-displays-recovered-three-criminals-arrested